**IIIT Ranchi Director meets CM Hemant Soren**

# IIIT रांची के निदेशक ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात, कोर्स, रिसर्च और प्लेसमेंट पर हुई चर्चा



IIIT Ranchi: भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (IIIT रांची) के निदेशक प्रो राजीव श्रीवास्तव ने गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन (CM Hemant Soren) से शिष्टाचार भेंट की. इस दौरान उन्होंने संस्थान की गतिविधियों, योजनाओं और भविष्य की दिशा पर विस्तार से चर्चा की.

**IIIT Ranchi:** भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान **(IIIT रांची)** के निदेशक प्रो राजीव श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री को संस्थान की शैक्षणिक और अनुसंधान गतिविधियों, प्रमुख पहल और प्रगतिशील योजनाओं की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि आईआईआईटी रांची राष्ट्रीय महत्व का संस्थान है और आने वाले समय में देश और समाज की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अपनी भूमिका को और मजबूत करेगा. सीएम हेमंत सोरेन ने आईआईआईटी रांची के कार्यों की सराहना की और इसके समग्र विकास के लिए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया.

## IIIT Ranchi Director meets CM Hemant Soren

### IIIT Ranchi की स्थापना

आईआईआईटी रांची (IIIT Ranchi) की स्थापना वर्ष 2016 में संसद के एक अधिनियम के तहत हुई थी. यह भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय, झारखंड सरकार और उद्योग साझेदार- सीसीएल, टीटीएल और टीसीएस- का संयुक्त उपक्रम है.

फिलहाल संस्थान का संचालन अस्थायी परिसर एआरटीटीसी, बीएसएनएल, रांची से हो रहा है. छात्रावास और आवासीय सुविधाएं बीएसएनएल कैंपस और खेलगांव हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में उपलब्ध हैं. कांके प्रखंड के संगा गांव में स्थायी परिसर का निर्माण अंतिम चरण में है.

### कौन-कौन से कोर्स चलते हैं

बीटेक में हर साल 320 सीटें होती हैं. एडमिशन जेईई मेन और जोसा काउंसलिंग के जरिए होता है. आईआईआईटी रांची में बीटेक के पांच ब्रांच (BTech Branch) हैं-

- कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग
- इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग
- कंप्यूटर साइंस (स्पेशलाइजेशन: एआई और डेटा साइंस)
- इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन (स्पेशलाइजेशन: आईओटी और एम्बेडेड सिस्टम्स)
- मैथ्स एंड कंप्यूटिंग

## IIIT Ranchi Director meets CM Hemant Soren



*सीएम हेमंत सोरेन के साथ IIIT Ranchi के निदेशक प्रो राजीव श्रीवास्तव*

### MTech, पीएचडी और हाइब्रिड कोर्स

बीटेक के अलावा यहां एमटेक (एआई और डेटा साइंस, आईओटी और एम्बेडेड सिस्टम्स) और पीएचडी भी कराई जाती है. ये फुल-टाइम और पार्ट-टाइम दोनों तरह से उपलब्ध हैं. आईआईटी पटना की मदद से एमटेक, एमबीए और एमसीए कोर्स हाइब्रिड मोड में भी चलते हैं. इसका फायदा देशभर के स्टूडेंट्स और कामकाजी लोगों को मिल रहा है.

सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात के दौरान प्रो राजीव श्रीवास्तव ने बताया कि संस्थान का प्लेसमेंट रिकॉर्ड लगातार बेहतर हो रहा है. बड़ी संख्या में छात्र प्रतिष्ठित कंपनियों में चयनित हो रहे हैं, जिससे संस्थान की साख और मजबूत हुई है.

**Source:** https://www.prabhatkhabar.com/education/admissions/iiit-ranchi-director-meets-cm-hemant-soren
**Published:** Saturday, September 19, 2025 7:18 AM

भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान राँची
**Indian Institute of Information Technology Ranchi**
(An Institute of National Importance under an Act of Parliament)
**Ranchi, Jharkhand, India**

## IIIT Ranchi Director meets CM Hemant Soren




***CM हेमंत सोरेन से मिले IIIT रांची के निदेशक***

**Ranchi :** CM हेमंत सोरेन से आज इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (IIIT), रांची के निदेशक प्रो. राजीव श्रीवास्तव ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान प्रो. श्रीवास्तव ने संस्थान में चल रहे विभिन्न कोर्स, शोध कार्यों और तकनीकी गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने संस्थान के कार्यों की सराहना की और झारखंड को तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में और सशक्त बनाने के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा भी दिलाया।

1. https://kohramlive.com/iiit-ranchi-director-meets-cm-hemant-soren/ **Kohram Live**
2. https://www.joharlive.com/news/director-of-iiit-ranchi-had-a-courtesy-meeting-with-chief-minister-hemant-soren/ **Johar Live**
3. https://22scope.com/professor-rajiv-srivastava-director-of-triple-it-ranchi/ **22scope**
4. https://lagatar.in/director-of-iiit-ranchi-made-a-courtesy-call-on-cm-hemant-soren **Lagatar Media**

**Published:** Saturday, September 18, 2025

## IIIT Ranchi Director meets CM Hemant Soren



न्यूज इन फोटो

**सीएम से मिले ट्रिपल आइटी के निदेशक**

ट्रिपल आइटी रांची के निदेशक प्रो राजीव श्रीवास्तव ने गुरुवार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की. मुख्यमंत्री ने संस्थान के कार्यों की सराहना करते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया.